आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट

बर्ष :12 अंक :270 पृष्ठ -4 दिनांक 27 सितम्बर 2024 दिन गुरूवार



# यूपी के इन शहरों में पार्किंग करना अब नहीं रहेगा सस्ता! बढ़ सकते हैं रेट्स

## उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई शहरों में अब पार्किंग के रेट्स बढ़ाए



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई शहरों में अब पार्किंग के रेट्स बढ़ाए जा सकते हैं. यह जानकारी सूत्रों ने दी है. मिली जानकारी के अनुसार नगर विकास विभाग इससे संबंधित योजना बना रहा है.जानकारी के अनुसार लखनऊ में रात में सड़क किनारे कार–बाइक पार्किंग पर अब हर महीने नगर निगम को 3000 रुपए तक देने होंगे. नगर विकास विभाग ये योजना बना रहा है.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ में अब रात को भी पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाएगी. यह व्यवस्था बनाए जाने के बाद सार्वजनिक स्थानों और अलग जगहों पर रात में पार्किंग की फीस अदा करनी होगी. रात में भी पार्किंग का इंतजाम किया जाएगा.क्या होंगे नए रेट्स?सूत्रों के अनुसार हर रात पार्किंग के लिए 100 रुपये, साप्ताहिक 300 रुपये, मासिक 1000 रुपये और पूरे साल का 10,000 रुपये लिया जाएगा. जानकारी के अनुसार अगर कोई बिना परमिट के पार्क करेगा तो उससे तीन गुना फीस ली जाएगी. सीएम योगी ने बीते दिनों पार्किंग को लेकर निर्देश जारी किए थे.जानकारी के अनुसार 10 लाख से ज्यादा आबादी वालों शहरों में टू व्हीलर के लिए 855 रुपये, फोर व्हीलर के लिए 1800 रुपये के मंथली पास बनेगा. वहीं 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में दो पहिया वाहनों के लिए 600 रुपये और फोर व्हीलर के लिए 1200 रुपये का पास बनेगा.रात की पार्किंग की बात करें तो इसकी टाइमिंग रात 11 बजे से सुबह 6 बजे क होगी. पूरे मामले से वाकिफ सूत्रों का कहना है कि इससे नगर विकास विभाग की आय बढ़ेगी. बड़े शहरों में पार्किंग के लिए कंपनियां ठेके के लिए टेंडर की बिडिंग भी कर सकती हैं.? नगर विकास विभाग की संभावित नई नीति के अनुसार लोगों को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि प्राइवेट गाड़ियां सड़क पर कम निकलें और प्ल्यूशन भी कम हो

## IIT में दाखिले के लिए परेशान दलित छात्र को सुप्रीम कोर्ट से मिली मदद

मुजफ्फरनगर में एक छात्र को आईआ.ईटी धनबाद में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर की सीट राउंड वन में अलॉट हुई थी लेकिन, समय पर फीस न जमा करने के चलते इस छात्र को एडमिशन नहीं मिल पाया. जिसके पीड़ित छात्र ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. कोर्ट ने उसकी मदद का पूरा भरोसा दिया है. मुजफ्फरनगर के खतौली में टिटोडा गांव के रहने वाले राजेंद्र के बेटे को अतुल कुमार को आईआईटी धनबाद में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर की सीट मिली थी. अतुल ने समय पर अपने डॉक्यूमेंट तो जमा कर दिए लेकिन फीस सबमिट होने से पहले ही कॉलेज की वेबसाइट ऑटोमेटिक लॉग आउट हो गई, जिसकी वजह से उसका एडमिशन रुक गया. सुप्रीम कोर्ट ने दिया मदद का भरा. साअतुल ने इसके बाद कोर्ट की शरण ली. उसने पहले मद्रास हाई कोर्ट में केस फाइल किया लेकिन कोर्ट में तारीख नहीं मिलने के बाद वकील की सलाह पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां पर 24 सितंबर को तारीख लगी थी. सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ित छात्र की पूरी मदद का भरोसा दिया है. इस मामले की अगली तारीख सोमवार 30 सितंबर तय की गई है.अतुल कुमार गरीब दलित परिवार से है. उसके पिता राजेंद्र फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं. अतुल ने अपने भाइयों के साथ गांव में स्थित जीआर पब्लिक स्कूल से आठवीं की कक्षा पास करने के बाद हाई स्कूल गिरजानंद स्कूल खतौली और इंटर शिशु शिक्षा निकेतन से पास करने के बाद कानपुर गहलोत सुपर हंड्रेड इंस्टीट्यूट से तैयारी की हुई है. उसने बताया कि हम फीस का इंतजाम कर रहे थे. गांववालों से भी पैसे उधार लिए हैं. लेकिन तब तक फीस जमा करने की समय खत्म हो गया. अतुल ने कहा कि इस मामले में 24 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी, हमने कोर्ट में अपनी बात रखी है. कोर्ट ने हमें पूरी मदद का भरोसा दिया है. 30 सितंबर को इस मामले में फिर से सुनवाई होगी. अमित के पिता दैनिक मजदूर हैं और टेलर का काम भी करते हैं. उसने कहा कि वो इंजीनियर बनना चाहता है.

## हापुड़ में शादी में 1 हजार रूपये नहीं मिलने से भड़का बिचौलिया, गुस्से में लौटा दी पूरी बारात



उत्तर प्रदेश के हापुड़ में शादी समारोह में बिचौलिए को एक हजार रुपये नहीं दिए तो मामला इतना बिगड़ गया कि नौबत शादी टूटने तक आ गई. गुस्साए बिचौलिए ने पूरी बारात ही लौटा दी. जिसके बाद मामला थाने तक पहुंच गया. पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर मामला शांत कराया, तब कहीं जाकर विवाह समारोह संपन्न हो सका.हैरान कर देने वाली ये घटना हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, इस इलाके में गांव पोपाई में रहने वाले शगीर की बेटी की शादी थी. बुधवार की दोपहर ग्रेटर नोएडा से बेटी की बारात आई थी. शादी समारोह में निकाह के बाद विदाई की रस्म चल रही थी. इसी बीच बिचौलिए को एक हजार रुपये न दिए गए, जिसके बाद बिचौलिया तिलमिला गया और नाराज हो गया. बिचौलिए ने वापस लौटाई बारात एक हजार रुपये को लेकर बिचौलिया इतना गुस्सा हो गया कि उसकी कहासुनी हो गई. जिसके बाद बिचौलिए ने बिना विदाई के ही बारात को वापस लौटा दिया. बारात के लौटने की खबर सुनते ही दोनों पक्ष के लोग परेशान हो गए. जिसके बाद मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया. घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस लगी तो पुलिस ने दूल्हे और उसके परिजनों को पकड़ लिया. पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया, लेकिन कोई भी मानने को तैयार दिखा. घंटों की मशकक्त के बाद दोनों के बीच मामला शांत हुआ. पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया जिसके बाद गढ़मुक्तेश्वर इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने वधू का कन्यादान किया और बारात से साथ दुल्हन को विदा किया. इस मामले पर सीओ गढ़मुक्तेश्वर वरूण कुमार मिश्रा ने फोन पर बताया कि शादी समारोह में दोनों पक्षों के बीच में लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था. जिसके बाद बारात वापस लौट गई थी लेकिन पुलिस ने दूल्हे पक्ष को समझाया और मामला शांत किया. देर रात दोनों पक्षों का समझौता कराकर बारात की विदाई हो गई.

## गाजियाबाद में जबरन धर्म परिवर्तन का खुलासा, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

गाजियाबाद के मोदीनगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने जबरन धर्म परिवर्तन से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी आशु भी शामिल है दरअसल, ये पूरा मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र का है, जहां संगीता नामक महिला ने पुलिस को एक शिकायत दी. महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ का बेटा आशु जबरन उसका और उसके पति का धर्म परिवर्तन कराना चाहता था. वह ईसाई धर्म में शामिल होने का दवाब बना रहा है. जब संगीता ने इसका विरोध किया, तो आशु और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आशु और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया.पूछताछ में आशु ने किया चौंकाने वाला खुलासा पूछताछ के दौरान आशु ने बताया कि उसने कई साल पहले ईसाई धर्म अपना लिया था और अब वह अपने चाचा–चाची पर भी धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाल रहा था. पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड मोदीनगर का ही रहने वाला पौलुस है. पौलुस और आशु मिलकर अब तक सैकड़ों लोगों का धर्म परिवर्तन करा चुके हैं. आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें दिल्ली की एक संस्था से हर महीने करीब 3,500 रुपये मिलते थे. पुलिस अब इस गिरोह के मोबाइल डाटा को रिकवर करने में जुटी है ताकि इस पूरे गिरोह का खुलासा किया जा सके. माना जा रहा है कि इस गिरोह के तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं, और पुलिस इस दिशा में जांच कर रही है. डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि, हमने आशु और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह ने सैकड़ों लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है. मामले की जांच आगे भी जांच की जारी है.






## महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए BSNLने खोला पिटारा, मुफ्त में मिलेगी ये खास सुविधा

संगम नगरी प्रयागराज में तीन महीने बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मुफ्त इंटरनेट सुविधा मिलेगी. मुफ्त इंटरनेट की यह सुविधा भारत संचार निगम लिमिटेड (ठैछस्) की तरफ से मुहैया कराई जाएगी. महाकुंभ को लेकर दूसरे सरकारी विभागों की तरह बीएसएनएल ने भी खास तैयारी की हुई है. आस्था के इस मेले में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर कॉलिंग और इंटरनेट सुविधा मिले इसके लिए अकेले प्रयागराज नहीं, बल्कि दिल्ली और चंडीगढ़ तक तैयारी की जा रही है. महाकुंभ में आने वाले चालीस करोड़ श्रद्धालुओं के जरिए बीएसएनल अपनी ब्रांडिंग कर ग्राहकों की संख्या बढ़ाने की भी तैयारी में है.बीएसएनल के यूपी ईस्ट जोन के चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा के मुताबिक, अकेले मेला क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड के पचास से ज्यादा टावर लगाए जाएंगे. इसके अलावा शहर में भी न सिर्फ टावरों की संख्या बढ़ाई जाएगी बल्कि उनकी क्षमता में भी बढ़ोतरी कर इन्हें और हा. ईटेक किया जाएगा. मेले में चौबीसों घंटे फॉल्ट रिपेयर टीम मौजूद रहेगी. जगह–जगह स्टॉल लगाकर लोगों को सुविधा दी जाएगी और उनकी सहायता भी की जाएगी. अलग ड्रेस कोड में होंगे ठैछस् कर्मचारीयह पहला मौका होगा जहां बीएसएनएल के सभी कर्मचारी अलग ड्रेस कोड में होंगे. आस्था के इस मेले में सहयोगी कंपनी भारत नेट की फाइबर लाइन बिछाई जाएगी. यहां काम करने वालों को हाई स्पीड इंटरनेट और लीज लाइन की सुविधा दी जाएगी. मेला प्रशासन के साथ बातचीत कर श्रद्धालुओं को कुछ देर के लिए मुफ्त इंटरनेट की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी. यहां आने वाले श्रद्धालु वाई–फाई के जरिए फ्री इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगे. चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा का कहना है कि मेले में बल्क पुश एसएमएस सुविधा मुहैया रहेगी, ताकि किसी आपदा होने या फिर कोई सूचना देने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सके. मेला क्षेत्र में नेटवर्क की एविबिलिटी बढ़ाकर 98 फीसदी की जाएगी. बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को मेला क्षेत्र में कॉल ड्रॉप की समस्या का सामना कतई नहीं करना पड़ेगा. वह बेहतर वॉइस क्वालिटी के साथ लोगों से बात. चीत कर सकेंगे.उनके मुताबिक बीएसएनल महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को हाईटेक सुविधाए मुहैया कराने की तैयारी में है. यहां प्रमुख स्नान पर्वों पर कॉल ट्रैफिक ना हो, इसके लिए नई दिल्ली और चंडीगढ़ के सर्वर की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है. महाकुंभ की तैयारियां प्रयागराज से लेकर नई दिल्ली और चंडीगढ़ तक की जा रही है. सभी तैयारियां 31 अक्टूबर तक पूरी कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है. इस तरह की व्यवस्था की जा रही है ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालु बीएसएनल को लेकर अच्छे अनुभव के साथ अपने घरों को वापस लौटे.वॉइस कॉल करने वाले ग्राहको को मिलेगी बेहतर क्वालिटीयूपी ईस्ट के चीफ जनरल मैनेजर एके मिश्रा का कहना है कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में कुछ 2ळ टावर अलग से लगाए जाएंगे, ताकि सिर्फ बात करने वाले ग्राहक बेहतर और क्लीयर वाइस क्वालिटी से बात कर सके. गंगा और यमुना के गहरे पानी में नाव के जरिए फ्लोटिंग टावर लगाने का प्रयोग किए जाने की भी तैयारी है. एके मिश्रा का दावा है कि निजी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टैरिफ में बढ़ोतरी किए जाने के बाद से पिछले दो महीनों में अकेले यूपी ईस्ट जोन में दस लाख नए ग्राहक बने हैं. इनमें तीन लाख से ज्यादा ग्राहक दूसरी कंपनियों से आए हैं.

# 7वीं क्लास में हुआ पहला किस, कई टॉप एक्ट्रेसेस को किया डेट तो कहलाए प्लेबॉय

## रणबीर कपूर 28 सितंबर को अपना 43 वाँ जन्मदिन मनाएंगे.

बॉलीवुड में हर स्टार की अपनी कहानी है और हर किसी की कहानी में कुछ ना कुछ दिलचस्प है. उनका बचपन हो, अफेयर हो या फिर फिल्मी करियर, इनमें कुछ ना कुछ ऐसा रहा जिसने उनको अलग पहचान दी. ऐसा ही एक एक्टर है जिसने बॉलीवुड की इतनी एक्ट्रेसेस को डेट किया कि उसे श्प्लेबॉयश तक का टैग मिल गया.7वीं क्लास में हुआ फर्स्ट किस ऐसा नहीं है कि रणबीर कपूर फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद प्यार में पड़े. वे तो बचपन से ही काफी रोमांटिक रहे हैं. इसका खुलासा तब हुआ जब खुद एक इंटरव्यू में रणवीर ने बताया था कि उनका पहला किस 7वीं क्लास में ही हो गया था. तब उनकी उम्र महज 12–13 साल थी और उन्हें अपने क्लास की एक लड़की पसंद थी जिसे उन्होंने सीढ़ियों के नीचे किस किया था.हम बात कर रहे हैं कपूर खानदान के हैंडसम हंक रणबीर कपूर की, जो 28 सितंबर को अपना जन्मदिन मनाएंगे. एक्टर एब 43 साल के हो जाएंगे. रणबीर कपूर ने साल 2007 में आई फिल्म श्सांवरियाश से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी. इंडस्ट्री में उन्हें 17 साल हो गए हैं और इस 17 सालों में जितने चर्चे उनकी फिल्मों के रहे, उससे ज्यादा सुर्खियां उनके अफेयर की खबरों ने बटोरी.रणबीर कपूर का नाम बॉलीवुड की कई टॉप एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा. एक्टर की डेब्यू फिल्म श्सांवरियाश से अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था. फिल्म फ्लॉप रही लेकिन रणबीर और सोनम के प्यार के चर्चे परवान चढ़ रहे थे. हालांकि कुछ समय बाद दोनों के अलग होने की खबरें आईं. दीपिका पादुकोण को किया डेट, पाक एक्ट्रेस संग जुड़ा नाम रणबीर कपूर का कैटरीना कैफ के साथ भी लंबा रिलेशनशिप रहा. हालांकि फिल्म श्जग्गा जासूसश के बाद



दोनों का ब्रेकअप हो गया. एक्टर का दीपिका पादुकोण के साथ अफेयर सबसे चर्चा में रहा, लेकिन ये रिश्ता भी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सका. इसके अलावा एक्टर का नाम नरगिस फाखरी और पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान के साथ भी जुड़ा. ऐसे में रणबीर कपूर पर प्लेबॉय का टैग लग गया. आलिया भट्ट से रणबीर ने रचाई शादी बाद में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक–दूसरे के करीब आए और कुछ समय की डेटिंग के बाद दोनों ने शादी कर ली. अब दोनों एक बेटी राहा कपूर के पेरेंट्स हैं और एक हैप्पी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रहे हैं.

## 28 सालों से पति नीरज कपूर से क्यों दूर रह रही हैं अलका याग्निक



अलका याग्निक को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महान सिंगर्स में से एक माना जाता है. उन्होंने हिंदी फिल्मों में कई शानदार गाने दिए हैं. वहीं अलका याग्निक की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी लव स्टोरी किसी हैप्पी एंडिंग वाली फिल्म की कहानी से कम नहीं है. देश में सबसे पॉपुलर नामों में से एक होने के बावजूद, अलका याज्ञनिक अपनी पर्सनल लाइफ को निजी रखना पसंद करती हैं.बता दें कि सिंगर ने बिजनेसमैन नीरज कपूर से शादी की है. इस जोड़े की एक बेटी है जिसका नाम सायशा कपूर है. दिलचस्प बात ये है कि अलका और उनके पति नीरज पिछले 28 सालों से लॉन्ग डिस्टेंस मैरिज निभा रहे हैंकैसे हुई थी अलका याग्निक और नीरज की पहली मुलाकात? रिपोर्ट्स के मुताबिक अलका याज्ञनिक की नीरज कपूर से पहली मुलाकात ट्रेन में हुई थी. सफर करने के दौरान उनमें दोस्ती हुई और उन्होंने कॉन्टेक्ट में रहने का फैसला किया. भले ही दोनों पूरी तरह से अलग–अलग फील्ड में थे, फिर भी वे मिलते रहे और फाइनली छह महीने की दोस्ती के बाद वे एक–दूसरे से प्यार करने लगे. दो साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 1989 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे.हालांकि शादी के मुकाम तक पहुंचना इस



जोड़े के लिए आसान रास्ता नहीं था. इसलिए, जब अलका याग्निक ने अपने माता–पिता को नीरज के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताया, तो वे नहीं चाहते थे कि वह उनसे शादी करें. चूंकि नीरज कपूर शिलॉन्ग बेस्ड बिजनेसमैन थे, इसलिए उनके माता–पिता का मानना था कि दोनों के बीच लंबी दूरी का रिश्ता उनके विवाहित जीवन में एक बड़ी परेशानी बन सकता है. हालांकि अलका ने विश्वास नहीं खोया और आश्वस्त रहीं, क्योंकि नीरज ने अपना बेस मुंबई शिफ्ट करने का फैसला किया थाजब उनकी शादी हो गई तो नीरज मुंबई चले आए और अपना बिजनेस शुरू कर दिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें उस जगह पर बड़ा नुकसान हुआ. एक पुराने इंटरव्यू में अलका ने खुलासा किया था कि उन्होंने खुद नीरज को शिलॉन्ग वापस शिफ्ट होने और अपना बिजनेस जारी रखने के लिए कहा था. अपनी शादी के चार–पांच साल बाद, दोनों कथित तौर पर अपनी मैरिड लाइफ में कठिन दौर से गुजरे, लेकिन दोनों को एहसास हुआ कि वे एक–दूसरे के बिना नहीं रह सकते. पिछले 28 सालों से नीरज कपूर और अलका याग्निक ने लंबी दूरी का रिश्ता कायम रखा है.

## स्त्री 2' ने छठे गुरुवार भी एक करोड़ से ज्यादा की कमाई,

ऐसा लग रहा है जैसे 'स्त्री 2' ने सिनेमाघरों में काला जादू किया हुआ है. जहां नई रिलीज फिल्मों को थिएटर में कोई पूछ नहीं रहा है तो वहीं एक महीने से ज्यादा हो जाने के बावजूद इस हॉरर कॉमेडी का क्रेज कम नहीं हो रहा है और रिलीज के छठे हफ्ते में भी फिल्म को देखन के लिए थिएटर्स में खूब दर्शक पहुंच रहे हैं. इसी के साथ ये




फिल्म करोड़ों में कारोबार कर रही है. चलिए यहां जानते हैं स्त्री 2' ने रिलीज के 43वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

**स्त्री 2' ने रिलीज के 43वें दिन कितनी की कमाई?**

ये 'स्त्री 2' क्या करेगी मानेगी भई.. इस फिल्म ने तो जैसे ठान लिया है कि ये रुकने नहीं वाली है. रिलीज के 40 दिन से ज्यादा हो गए हैं लेकिन मजाल है कि 'स्त्री 2' की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर थमी हो. ये फिल्म साल की सबसे बड़ी हिट तो बन ही चुकी है वहीं हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है. हैरानी की बात तो ये है कि छठे हफ्ते में होने के बावजूद ये हर दिन करोडों में ही कलेक्शन कर रही है. ट्रेड एक्सपर्ट की मानें तो इस फिल्म का क्रेज तब तक जारी रहेगा जब तक कि 'देवरा' या 'जिगरा' जैसी बड़ी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो जाती.वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ रुपये, दूसरे हफ्ते मे 145.80 करोड़ रुपये, तीसरे हफ्ते में 72.83 करोड़ रुपये, चौथे हफ्ते में 37.75 करोड़ रुपये और पांचवें हफ्ते में 25.72 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. वहीं छठे फ्राइडे फिल्म ने 5.20 करोड़, छठे शनिवार 3.80 करोड़, छठे रविवार 5.32 करोड़ छठे सोमवार 1.50 करोड़ छठे मंगलवार 1.35 करोड़ और छठे बुधवार 1.30 कारोबार किया. जिसके बाद फिल्म का 42 दिनों का कुल कलेक्शन 608.37 करोड़ रुपये हो गया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 43वें दिन यानी छठे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'स्त्री 2' ने रिलीज के छठे गुरुवार यानी 43वें दिन 1.05 करोड़ का कलेक्शन किया है.

इसी के साथ 'स्त्री 2' की 42 दिनों की कुल कमाई अब 609.42 करोड़ हो गई है 'स्त्री 2' ने 43वें दिन भी रचा इतिहास 'स्त्री 2' ने रिलीज के पहले दिन से लेकर अब तक तमाम रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. वहीं रिलीज के छठे गुरुवार भी इस फिल्म ने इतिहास रच दिया. दरअसल इस फिल्म ने 43वें दिन भी एक करोड़ से ज्यादा की कमाई की है और इसी के साथ ये हिंदी सिनेमा की ऐसी पहली फिल्म बन गई है जो 43 दिनों से लगातार करोड़ों में कारोबार कर रही है.'देवरा' लगाएगी 'स्त्री 2' की कमाई पर ब्रेक? स्त्री 2' को सिनेमाघरों में धमाल मचाते डेढ़ महीना होने वाला है. इस बीच तमाम फिल्में आई और चली गईं लेकिन कोई भी 'स्त्री 2' के सिंहसान को नहीं हिला पाया. लेकिन अब 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर की मच अवेटेड फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म का काफी बज है और इसकी जबरदस्त एडवांस बुकिंग भी हुई है. इसे देखकर लग रहा है कि 'देवरा' अब 'स्त्री 2' की कमाई पर ब्रेक लगा सकती है.

## मीना कुमारी के निधन के बाद फैमिली नहीं दे पाई थी हॉस्पिटल को 3500 रूपये

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा में अपने दौर में टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं. उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया था और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर एक अलग छाप छोड़ी थी. मीना कुमारी ने कम उम्र में ही फिल्मों में काम करना शुरु कर दिया था.ीना ने नाम बदलकर बॉलीवुड में पहचान बनाई थी. वे मुस्लिम धर्म से थीं लेकिन उन्होंने बाद में अपना हिंदू नाम रख लिया था. बॉलीवुड में जहां उनका करियर छोटा रहा तो वहीं उनकी लाइफ भी काफी छोटी रही. महज 38 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया था. लेकिन मीना के निधन के बाद उनके परिवार के पास हॉस्पिटल को देने तक के पैसे तक नहीं थे.लिवर सिरोसिस से हुआ था मीना का निधनमीना कुमारी ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया था. मौत के 52 साल बाद भी उनकी काफी चर्चा होती है. छोटे बॉलीवुड करियर के बावजूद वे बेहद पॉपुल रही थीं. बता दें कि मीना का जन्म 1 अगस्त 1933 को मुंबई में हुआ था. मीना की शादी डायरेक्टर कमाल अमरही से हुई थी. लेकिन दोनों ने तलाक ले लिया था.बाद में फिर से दोनों की शादी हुई और मीना कुमारी का हलाला भी हुआ. क्योंकि मीना मुस्लिम धर्म से थीं उनका असली नाम महजबीं बानो था. पति से अनबन के चलते मीना शराब की आदत लगा बैठी थीं और यही आदत उनकी मौत का कारण बनी. उन्हें लीवर सिरोसिस बीमारी हो गई थीं. इससे उनका 38 साल की उम्र में साल 1972 में निधन हो गया था. हॉस्पिटल को 3500 रु तक नहीं दे पाई फैमिलीडायरेक्टर बिमल रॉय की बेटी रिंकी रॉय भट्टाचार्य ने एक बार रेडिफ को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया था कि मीना कुमारी के निधन के बाद उनके एकाउंट में 3500 रुपये तक नहीं थे. उनकी फैमिली की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी.अस्पताल के डॉक्टर ने की थी मद. दमीना कुमारी का निधन सेंट एलिजाबेथ नर्सिंग होम में हुआ था. जब उनकी फैमिली हॉस्पिटल को पैसे नहीं चुका पाई तो अस्पताल के एक डॉक्टर ने उनकी मदद की थी. डॉक्टर मीना का फैन भी था. इसके बाद एक्ट्रेस का शव परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया था.


## कर्ज में डूबकर कंगाल हो गया था 250 फिल्में करने वाला एक्टर

राजेंद्र नाथ बॉलीवुड के मशहूर एक्टर कॉमेडियन थे. उनके अभिनय का हर कोई कायल था. वहीं उनकी कॉमेडी भी गजब हुआ करती थी. राजेंद्र नाथ ने 60 और 70 के दशक में खूब नाम कमाया था. उन्हें साल 1961 की फिल्म श्जब–जब फूल खिलेश से काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी.इस फिल्म में राजेंद्र ने पोपटलाल नाम का कि. रदार निभाया था. बाद में एक्टर इसी नाम से पहचाने जाने लगे. बता दें कि राज. ेंद्र नाथ बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर प्रेम नाथ के छोटे भाई थे. जबकि राज कपूर उनके जीजा थे. राज कपूर की शादी प्रेम और राजेंद्र की बहन कृष्णा से हुई थी. राजेंद्र का जन्म मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ में 8 जून 1931 को हुआ था. उनके पिता मध्यप्रदेश के रीवा के आईजी ऑफ पुलिस थे. रा. जेंद्र डॉक्टर बनने के ख्वाब देखते थे. लेकिन उन्होंने और उनके भाई प्रेम नाथ ने फिल्मी दुनिया की राह चुनी थी. फिल्मों में करियर बनाने के लिए राजेंद्र मुंबई आ गए थे. 250 से ज्यादा फिल्मों में किया कामराजेंद्र नाथ ने भाई प्रेम के कहने पर मुंबई का रुख किया था. मुंबई आने के बाद उन्होंने पृथ्वी थिएटर में काम करना शुरु किया. इस दौरान एक्टर ने पठान, दीवार, आहुति और शकुंतला जैसे नाटकों में काम किया. बाद में फिल्मी सफर शुर हुआ. लेकिन शुरुआत में असफलता हाथ लगी, लेकिन फिल्म श्जब–जब फूल खिलेश में पोपटलाल के किरदार ने उन्हें खास पहचान दिलाई. उन्होंने अपने लंबे और सफल करियर में 253 फिल्मों में काम किया था. सफल एक्टर बनने के बाद राजेंद्र ने बतौर फिल्ममेकर फिल्म द गेट क्रेशरबनाने का फैसला लिया और अपना सारा पैसा फिल्म पर लगा दिया. उन्होंने लीड रोल के लिए रणधीर कपूर और नीतू कपूर को कास्ट किया था. उन्हें फिल्ममेकिंग का कोई नॉलेज नहीं था. इसके चलते 10 दिन बाद ही फिल्म की शूटिंग बंद करनी पड़ी.फिल्म की शूटिंग रुकनेके चलते राजेंद्र को डिस्ट्रीब्यूटर्स के पैसे लौटाने थे. लेकिन वे फिल्म पर कर्ज से लिए पैसे भी लगा चुके थे. धीरे–धीरे एक्टर कर्ज में डूबते चले गए और उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई थी. उन्होंने एक मीडिया इंटरव्यू में कहा था कि, श्यूपी और दिल्ली के डिस्ट्रीब्यूटरों ने मुझे खून के आंसू रुलाए. मेरी स्थिति पता होते हुए भी लोगों ने मुझसे ज्यादा ब्याज लिया और एक–एक पैसे निकलवाए. बता दें कि राजेंद्र नाथ का 13 फरवरी 2008 को निधन हो गया था.

# यूपी में तंत्र-मंत्र का जाल, परिवार ने गंवाया लाल

## हाथरस के स्कूल में चली अंधविश्वास की पाठशाला

उत्तर प्रदेश स्थित हाथरस के सहपऊ थानान्तर्गत तंत्र मंत्र और काले जादू का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार एक स्कूल के प्रबंधक ने तंत्र मंत्र के लिए बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी. इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बच्चा, स्कूल के ही हॉस्टल में रहता था.बता दें 23 सितंबर को बच्चे की मौत हो गई थी. पुलिस की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधक समेत 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और आगे की छानबीन जारी है. इस मामले में पुलिस का कहना है कि स्कूल प्रबंधक का पिता तंत्र–मंत्र का काम करता था. स्कूल की तरक्की को लेकर अंधविश्वास में उसने दूसरी क्लास के छात्र की हत्या कर दी. अब पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है.बीएनएस की धारा 103(1) के तहत



दिनेश बघेल , डी.एल. पब्लिक स्कूल के मालिक और 4–5 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. एक व्यक्ति के बयान के आधार पर दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया था कि बघेल और अन्य आरोपियों ने उसे बताया कि उन्होंने 23 सितंबर को उसके बेटे का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. एफआईआर के अनुसार, बच्चा स्कूल के छात्रावास में रहता था.

पुलिस ने क्या बताया?23 सितंबर को थाना सहपऊ पर छात्र के पिता कृष्ण कुशवाहा की तहरीर पर छात्र कृतार्थ की हत्या के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था. पोस्टमार्टम में छात्र की मौत की वजह गला घोटना बताई गई थी.पुलिस ने पांच अभियुक्तों रामप्रकाश सोलंकी , स्कूल प्रबंधक दिनेश बघेल, स्कूल प्रबंधक के पिता जशोधन सिह उर्फ भगत , लक्ष्मण सिंह और वीरपाल सिह उर्फ वीरू को गिरफ्तार किया है.पुलिस की मानें तो स्कूल प्रबंधन का पिता जशोधन तंत्र मंत्र करता था. तंत्र मंत्र और बलि देने के चक्कर में उसने छात्रा कृतार्थ की हत्या की थी. उसे विश्वास था की बलि देने से उसका स्कूल व काम धंधा तरक्की करेगा. पुलिस ने परिजनों की सूचना तथा शिकायत पर स्कूल प्रबंधन की कार से छात्र कृतार्थ की डेड बॉडी बरामद की थी.

### रामलीला का शुभारंभ 28 सितंबर से, 16 दिनों तक होगा मंचन

विजयगढ़ कस्बा के रामलीला मैदान में रामलीला की शुरुआत 28 सितंबर से गणेश पूजन के साथ हो जाएगी। 16 दिनों चलने वाले इस आयोजन की शुरुआत संतों द्वारा की जाएगी। रामलीला के संरक्षक वैद्य गोपालशरण गर्ग, राजेश गर्ग ने बताया है कि इस बार रामलीला के 91वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन श्री गिर्राज आदर्श रामलीला संस्थान वृंदावन के तत्वावधान में होगा। सुबह 10 बजे पंडित राजकुमार शर्मा के सानिध्य में हवन पूजन किया जाएगा। उद्घाटन छर्रा विधायक ठा. रवेंद्रपाल सिंह करेंगे।

### आम के बाग में युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान, परिवार में छाया मातम

छर्रा के मोहल्ला शिवपुरी निवासी एक युवक ने गांव धनसारी स्थित आम के बाग में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाली निरीक्षक मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और युवक के शव को उतरवाकर फोरेंसिक टीम को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पं. चनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मो. हल्ला शिवपुरी निवासी 35 वर्षीय रवि पुत्र भगवती दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली से मजदूरी कर घर वापिस आया था। 26 सितंबर देर रात्रि को दिल्ली जाने की कहकर घर से निकल गया। युवक दिल्ली नहीं गया और गांव धनसारी स्थित आम के बाग में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रातरू आम के बाग में पेड़ से युवक के शव को लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली निरीक्षक बालेन्द्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराते हुए परिजनों को सूचना दी। युवक के मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पं. चनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। युवक अपने पीछे मां, दादी, एक भाई और बहन को रोता–बिलखता छोड़ गया।

### जनपद के स्वास्थय विभाग के अधिकारी सौ रहे गहरी नीद, योगी मोदी के आदेशों की जिला अस्पताल में खुलेआम उड़ रही धज्जियां

हाथरस। जनपद के जिला अस्पताल सुर्खियों में रहता है जिसको लेकर महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा राणा के पास पीछे काफी दिन से शिकायत पहुंच रही थी की जिला अस्पताल में मरीजाको



बाहर की दवा खुलेआम लिखी जा रही है साथ ही डॉक्टरों द्वारा मरीजों से सही व्यवहार नहीं किया जा रहा है। जिसको को लेकर महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा राणा ने शुक्रवार को सुबह अचानक पहुंच के जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सूर्य प्रकाश और महिला अस्पताल की सीएमएस से मुलाकात कर मरीजों व बच्चा वार्ड में घूमकर हाल जाना जिसको लेकर जिला अस्पताल में बहुत सारी खामियां मिली। जिसको सुधार करने के लिए सीएमएस डॉ सूर्य प्रकाश व महिला सीएमएस से कहा गया। वही मिली मरीजों की शिकायत का तत्काल निस्तारण कराते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी। वही महिला अस्पताल में कुछ महिला मरीजों ने पैसे लेकर अल्टासाउंट करने का आरोप लगाया मगर महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा राणा ने तत्काल महिला अस्पताल के रूम दव 23 की तैनात डॉक्टर भारती गोयल से मामले की जानकारी कर समस्या का समाधान कराया। वही महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा राणा के संगठन की मंजू देवी, प्रेमवती देवी, राधा, आदि तमाम महिलाए मौजूद थी। महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा राणा ने महिला वार्ड के एक एक वार्ड को चेक कर गर्भवती म. हलाओं से उनके स्वास्थ्य के बारे में हाल–चाल जाना वही हाल ही जन्मे बच्चों के वार्ड को देखा और तैनात डॉक्टर से जानकारी ली।

### उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो एसोशिएशन द्वारा प्रदेश स्तरीय स्केटिंग खो–खो टीम के खिलाड़ियों की की गई घोषणा

एसएमबी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो एसोशिएशन द्वारा प्रदेश स्तरीय स्केटिंग खो–खो टीम के खिलाड़ियों की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने स्केटिंग खो खो टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। विवेक बंसल ने कहा दिल्ली में होने जा रही 28 ,29 सितंबर को सातवी राष्ट्रीय स्केटिंग खो–खो चौंपियनशिप में प्रथम बारउत्तर प्रदेश से स्केटिंग खो–खो की टीम जा रही है। मैं आशा करता हूं उत्तर प्रदेश की टीम अच्छा प्रदर्शन कर विजेता होकर आएगी।

विवेक बंसल ने सभी खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश की स्केटिंग खो–खो किट का वितरण किया। क्रीडा भारती के जिला मंत्री डॉ शंभू दयाल रावत और जिला ओलंपिक महासचिव मजहर उल कमर मैं सभी खिलाड़ियों को विजेता होने की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप रावत ने किया। प्रदीप रावत ने कहा उत्तर प्रदेश की टीम के मैनेजर रिंकू दिक्षित और कोच वंशिका चौहान रहेगी। उत्तर प्रदेश की स्केटिंग खो–खो की बालक वर्ग की सीनियर टीम और जूनियर टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रही है। सीनियर वर्ग में आदित्य ठाकुर कप्तान और जूनियर वर्ग में योग कुमार कप्तान है। सीनियर टीम में आदित्य ठाकुर, हिमांशु धनगर, कुनाल, कुशाग्र किशोर,हर्ष गुप्ता, प्रखर शुक्ला,



अथर्व भारद्वाज, मोहम्मद मुस्तफा खान, अवनीत कुमार, हर्षित वर्मा, जूनियर वर्ग टीम में योग कुमार, सुधांशु वर्मा, नवनीत आर्य, नवनीत महेश्वरी, वंश भारद्वाज,रेयांश कुमार, समृद्ध, तनिक दीक्षितओपन
स्केटिंग चौंपियनशिप में कल्याणी रेस में प्रतिभा करेंगी।टीम चयनित घोषणा के समय जिला अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ला ,सचिव डॉ नीलम पाराशर ,शेफाली कपूर, रिंकू दिक्षित, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राहुल भाटी, कुमकुम माहेश्वरी, वंशिका चौहान, अनुराग जादौन , राशिद खान आदि उपस्थित रहे हैं।

### दफनाया गए व्यक्ति का 30 साल बाद घर के आंगन में मिला नर कंकाल,8 फीट की गहरी खुदाई में निकला नर कंकाल।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां सन 1994 में एक व्यक्ति बुद्ध सिंह की हत्या कर उसके शव को घर के आंगन में जमीन में दफना दिया गया था। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर इस मामले में कार्रवाई करते हुए घर के आंगन में 8 फीट की गहरी खुदाई के बाद 30 साल पुराने नर कंकाल को बरामद किया है।पुलिस ने नर कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।आपको बता दे कि कोतवाली मुरसान क्षेत्र के गांव गिलोंपुर में घर में आंगन में 8 फीट खुदाई के बाद बुद्ध सिंह का नर कंकाल मिल गया। डीएम के आदेश पर मकान के अंदर खुदाई शुरू कराई गई थी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी खुदाई के समय मौजूद थे। बुद्ध सिंह के पुत्र पंजाबी सिंह ने आरोप लगाया था कि उसके दो भाइयों और मां ने कुछ लोगों के साथ मिलकर 30 साल पहले उसके पिता की हत्या कर दी थी और इसी घर में उसके शव को जमीन के नीचे दबा दिया था।इस शख्स का यह भी कहना है कि बचपन में उसके सामने यह हत्याकांड हुआ था। उस समय इन लोगों ने उसे डराकर उसका मुंह बंद करा दिया था। धीरे–धीरे वह वारदात को भूल गया। लेकिन एक दिन नशे में उसके भाई ने पुरानी बात याद दिला दी। इसके बाद वह अफसरों के पास पहुंचा और इस पूरे घटना क्रम की शिकायत करी।पंजाबी सिंह का कहना है कि वह पूरे सबूत दे चुके हैं, कि उनके पिता की हत्या की गई थी। इसमें मुख्य भूमिका उनके भाई प्रदीप और मुकेश के अलावा गांव के ही अन्य व्यक्ति राजवीर सिंह की है। उनके पिता का नर. कंकाल भी बरामद हो चुका है। इसलिए इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी करें।लेकिन पुलिस अब इस नर कंकाल का पोस्टमॉर्टम और डीएनए टेस्ट कराएगी। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक मुद्रक प्रकाशक भारती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस अचलताल अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करे
मो:8218049162,8273402499

फिलहाल पुलिस ने इस कंकाल को कब्जे में लेकर पा. `स्टमॉर्टम हाउस भिजवाया है।वही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इस मामले की अलग से भी छानबीन और अन्य लोगो से पूछताछ कर सबूत जुटा रहे है।वही खुदाई के वक्त मिले नर कंकाल को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है।नर कंकाल लोगो में चर्चा का विषय बन गया है।

# वाल्मीकि शोभायात्रा 17 अक्टूबर को, 31 बैंडों के साथ निकलेगी 101 झाकियां

## 17 अक्टूबर को भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली जाएगी



अलीगढ़ में वाल्मीकि शोभायात्रा 17 अक्टूबर को निकलेगी। शोभायात्रा में 101 झाकियां और 31 बैंड होंगे। कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह, बुजुर्ग सम्मान, स्कूली बच्चों को पाठन सामग्री, पौधरोपण, फल वितरण, रक्तदान शि. विर, स्वास्थ्य शिविर, भोजन वितरण, प्रतियोगिता वाहन रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश राज जीवन ने बताया कि 17 अक्टूबर को भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में 101 मनमोहक झांकियां और बाहर से आने वाले 31 बैंड आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राज जीवन कहा कि 17 सितंबर से अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह, बुजुर्ग सम्मान, स्कूली बच्चों को पाठन सामग्री, पौधरोपण, फल वितरण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, भोजन वितरण, प्रतियोगिता वाहन रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील चौहान, कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद कुक्कू, मुख्य महामंत्री विकास चेतन, महामंत्री हरिकिशन चौहान, मेला इंचार्ज महेंद्र राठौर, प्रशासनिक संगठन मंत्री राज कुमार पंछी, शिशु पाल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### गणेश पूजन–श्री राम के जयघोष संग शुरू हुई रामलीला, 14 अक्टूबर तक होगा मंचन



### तिकोना नगला में आज से होगा रामलीला का मंचन

श्री रामलीला गोशाला कमेटी अचल ताल की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव का परंपरागत तरीके से शहर के प्रमुख उद्योगपति धनजीत वाड्रा ने मां उर्मिला वाड्रा, धर्मपत्नी प्रीति वाड्रा के साथ सपरिवार श्री गणेश भगवान का पूजन कर शुभारंभ किया। उद्योगपति धनजीत वाड्रा का परिवार पूर्वजों के समय से ही रामलीला का शुभारंभ करता चला आ रहा है।पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक अलीगढ़ के रामलीला महोत्सव का 26 सितंबर को गणेश पूजन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। यहां जोरदार आतिशबाजी की गई।श्री रामलीला गोशाला कमेटी अचल ताल की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव का परंपरागत तरीके से शहर के प्रमुख उद्योगपति धनजीत वाड्रा ने मां उर्मिला वाड्रा, धर्मपत्नी प्रीति वाड्रा के साथ सपरिवार श्री गणेश भगवान का पूजन कर शुभारंभ किया। उद्योगपति धनजीत वाड्रा का परिवार पूर्वजों के समय से ही रामलीला का शुभारंभ करता चला आ रहा है। शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा व पूनम अग्रवाल ने सिंहासन के मुकुट का पूजन किया। जबकि रामल. ीला कमेटी के अध्यक्ष विमल अग्रवाल आदि पदाधिकारियों ने अस्त्र– शस्त्र का पूजन किया। मथुरा से आई रामलीला मंडली के कलाकारों ने भगवान गणेश की आरती की और सुंदरकांड के साथ ही अस्त्र– शस्त्र का पूजन किया। इस के साथ ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस बार रामलीला परिसर भी पिछले साल की तुलना में काफी आकर्षक लग रहा है। परिसर रोशनी से चारों तरफ जगमग हो रहा है । रामलीला का मुख्य द्वार देखते ही बन रहा है। रामलीला में इस बार भी सीता माता का किरदार महिला कलाकार निभाएंगी।रामलीला का आयोजन रोजाना शाम 07रू30 बजे से होगा। संयोजक विक्रांत गर्ग व मीडिया प्रभारी गुंजित वार्ष्णेय ने बताया कि पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे की सहायता से सुरक्षित किया गया है। इस अवसर पर सचिव अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष टीएन मित्तल रिटायर्ड जज, सुबोध सुहृदय, संयोजक संयम पाराशर, आकाश गर्ग, राजेश गर्ग, ऋषभ गर्ग, अनुज वार्ष्णेय, सीए पीयूष अग्रवाल, सहसंयोजक पवन खंडेलवाल, गौरव अग्रवाल आदि थे। आदर्श रामलीला महोत्सव समिति के तत्वावधान में तिकोना नगला, चंदनियां में शुक्रवार से रामलीला का परंपरागत आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने को आयोजन समिति की बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि रामलीला का भव्य मंचन होगा। यहां अध्यक्ष हरी सिंह लोधी, इंद्र पाल सिंह वर्मा एडवोकेट, गीतम सिंह, सुरेश चंद्र, छोटे लाल, राजवीर सिंह, योगेश राजपूत, गजेंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने शिकायत संदर्भों के निस्तारण की स्थलीय जांच की



अलीगढ़ शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त एवं निस्तारित शिकायत की गुणवत्ता की स्थलीय जांच करने के साथ ही शिकायतकर्ता से संतोषजनक निस. तारण के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं। अभी हाल में जिलाधिकारी अलीगढ़ विशाख जी0 द्वारा भी मौके पर जाकर शिकायत निस्तारण गुणवत्ता को जांचा गया।शुक्रवार को आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी. आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त एवं निस्तारित शिकायत की गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए मौके पर पहुॅचीं। उन्होंने शिकायतकर्ता से संतोषजनक निस्तारण के संबंध में फीड. बैक लिया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न प्रकार से प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण किया जाए। जनशिकायत निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में एक है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत का निस्तारण माना जा रहा है।मण्डलायुक्त द्वारा शुक्रवार को आ. ईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, ऑनलाईन प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक संदर्भों का शिकायतकर्ताओं को अवगत कराते हुए स्थलीय निरीक्षण किया गया। शिकायत संख्या–40014324017841 शिकायतकर्ता दीपक कुमार पुत्र सोरन सिंह निवासी–टाऊन ऐरिया, कोल, द्वारा अलबरकात स्कूल, जमालपुर सड़क पर बैरीकेटिंग कर अतिक्रमण करने की शिकायत का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को सड़क के मानक के अनरूप अनुबंध तैयार कराते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता मौके पर उपस्थित नहीं हुआ। शिकायत संख्या–12144240147596 शिकायतकर्ता सलीम खान पुत्र अश्रुदीन निवासी सुसाइन ऊंचा गाँव थाना सादाबाद जिला हाथरस द्वारा खाता संख्या–00277 खेत संख्या–449 रकबा 2.3610 हैक्टेयर का भाग स्थित मौजा रामगढ़ पंजीपुर परगना व तहसील कोल का बैनामा 01 नवम्बर 2022 को कराया था जिस पर कुछ दबंग लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया है, कब्जा मुक्त कराने के सम्बन्ध में शिकायत की है। कमिश्नर द्वारा मौके पर किए निरीक्षण में शिकायतकर्ता से पुछताछ में स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ता द्वारा अंश निर्धारित किये बिना ही उक्त भूमि का विक्रय किया गया हैं जो सही नहीं है। नायब तहसीदार, कोल द्वारा बताया गया कि उपरोक्त भूमि से सम्बन्धित वाद एसीएम–द्वितीय अलीगढ़ के न्यायालय में विचाराधीन है। काशीराम आवास आंवटन से संबंधित एक अन्य शिकायत का भी मण्डलायुक्त द्वारा मौके पर जाकर शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को परखा गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त, नायब तहसीलदार कोल, पीओ डूडा उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने रामलीला मैदान, अचल तालाब एवं नुमाइश मैदान का निरीक्षण



साफ–सफाई के साथ ही आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था एवं वॉलिटियर्स के व्यापक प्रबंध करने के दिए निर्देश

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 एवं एसएसपी संजीव सुमन ने शुक्रवार को रामलीला मैदान, अचल तालाब, नुमाइश मैदान का निरीक्षण किया। उन्हा. ेने रामलीला कमेटी अध्यक्ष एवं सदस्यों से वार्ता कर आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन एवं विभिन्न कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस, नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा रामलीला मैदान में स्थापित अस्पताल एवं अशोक वाटिका मंचन वाले बगिया का भी निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने नगर निगम को नियमित रूप से विशेष साफ–सफाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि रामलीला के साथ ही नवरात्रि में भी मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना होती है ऐसे में मंदिरों के आसपास भी स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आयोजन स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था एवं वॉलिटियर्स के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष रामलीला कमेटी विमल अग्रवाल ने बताया कि 26 सितंबर से आरंभ हुई रामलीला 12 अक्टूबर तक चलेगी। रामलीला मंचन के अलावा तीन अन्य मुख्य कार्यक्रम सरयू पार लीला, राम बारात और रावण दहन के होते हैं। रामलीला मंचन एवं तीन अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में भारी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते हैं। रावण दहन स्थान नुमाइश मैदान में बेहतर साफ–सफाई के साथ ही जल निकासी कराने के निर्देश दिए और सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त स्थान छोडकर बैरीके. डंग कराने के निद. श दिए। अधिकारियों द्वारा रावण का पुतला बनाने वाले कारीगरों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि सभी पुतले लगभग एक माह में बनकर तैयार हो जाते हैं, अधिकतर कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसीएम सुधीर सोनी, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार, सुरेश चन्द्र, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज तिवारी, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, रामलीला कमैटी सदस्य आकाश अग्रवाल, संयम पराशर, विक्रांत गर्ग, रिषभ गर्ग, अन्नू बीड़ी संयोजक, मनीष भगत, अनिल सेंगर उप. स्थित रहे।

### 11 साल पुराने डकैती में दोषी को 10 साल कैद

अलीगढ़ के थाना मडराक क्षेत्र में 11 साल पहले हुए डकैती के मामले में दोषी को 10 साल कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला एडीजे नौ विनय तिवारी की अदालत ने दिया है।एडीजीसी जेपी रा. जपूत ने बताया कि मामले में पशु व्यापारी राजुद्दीन निवासी मोहल्ला व्यापारियान, सादाबाद (हाथरस) ने तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि 11 नवंबर 2013 को वह व्यापार के लिए छह लाख रुपये व बंटी पांच लाख रुपये लेकर टेंपो से लौट रहे थे। रास्ते में बोलेरो सवार आरोपियों ने टेंपो में टक्कर मार दी। पहले टेंपो की खिड़की में फायर किया, फिर दोनों व्यापारियों पर गोली चला दी। इसके बाद दोनों 11 लाख रुपये लूटकर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद घटना को डकैती मानते हुए चार्जशीट लगाई। अदालत में इस मामले में जीवनगढ़ गली नंबर सात निवासी अकील ने अपना जुर्म इकबाल कर लिया। इस पर अदालत ने उसे 10 साल कारावास की सजा से दंडित किया है।

### मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग ने आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, जिला चिकित्सालय, जेल एवं अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अलीगढ़ मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा ने अपने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान शुक्रवार को तालसपुर कला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, मलखान सिंह जिला चिकित्सालय एवं जेल का निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि जेल में 06 वर्ष आयु तक के 14 बच्चे हैं, जो अपनी मॉ के साथ रह रहे हैं। बच्चों के लिए क्रेच का संचालन कराते हुए उनको शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जा रही है। मा0 अध्यक्ष ने बच्चों को पाठ्य पुस. तकें एवं लेखन सामग्री का भी वितरण किया। मा0 अध्यक्ष ने मलखान सिंह जिला चिकित्सालय पहुॅच मरीजों एवं तीमारदारों से हालचाल लेते हुए प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सीएमएस को चिकित्सालय परिसर एवं वार्डों में समुचित साफ–सफाई के साथ ही समय से चिकित्सकों की उपस्थिति एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मा0 अध्यक्ष ने बताया कि बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल शोषण को समूल नष्ट करने के लिए पूरे प्रदेश में नारकोटिक्स विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालयों के आसपास बीड़ी तम्बाकू की दुकानें नहीं होनी चाहिए। विद्यालयों में बीड़ी सिगरेट पूरी तरह से प्रतिबंधित की गई है, हुक्का बार का संचालन बंद कराया गया है। विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन कराया गया है। भिक्षा से शिक्षा अभियान के तहत जो बच्चे भिक्षावृत्ति से जुड़े हैं, उन्हें विद्यालय भेजने का कार्य किया जा रहा है। आदतन भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों के परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन कर उन्हें उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। स्पॉसर योजना के तहत जिन बच्चों को रैस्क्यू किया जा रहा है, उन्हें 04 हजार रूपये प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जा रही हअटल आवासीय विद्यालय निरीक्षण मा0 अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को अटल आवासीय विद्यालय, टमकौली का स्थलीय निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से उनकी कक्षाओं में संवाद किया गया। पठन–पाठन, बालक एवं बालिका छात्रावास एवं व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की गयी। मेस के टाइम शेड्यूल एवं व्यवस्थाओं की जानकारी करने पर पर बच्चों द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता सही बताया गया। मा0 अध्यक्ष ने खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के मध्य बैठकर खाना भी खाया। मा0 अध्यक्ष द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया और विद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी को एक पेड लगाने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के समय डीसी एनआरएलएम दीनदयाल वर्मा, उप श्रम आयुक्त सियाराम, जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजीत कुमार, सहायक श्रम आयुक्त शेर सिंह, प्रधानाचार्य रोहित सारस्वत, सीडीपीओ आशीष यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष चन्द्र एवं आशीष कुमार अवस्थी उपस्थित रहे।